हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 दिसंबर 2023
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 रामलीला मेले का शुभारंभ कल से इस बार रहेगा ...


07 धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस उत्सव...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2500 | 3790 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3311 |
| चना | 4800 | 5600 |
| मसूर | 4700 | 5688 |
| सोयाबीन | 3000 | 4650 |
| सरसों | 3600 | 5891 |
| धान | 1650 | 4285 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| मूंग | 6650 | 6650 |
| तेवड़ा | 4000 | 4200 |
| उड़द | 4780 | 6400 |

## खबर संक्षेप

### मेघा बघेल व तमन्ना कुशवाह का चयन हुआ




**विदिशा।** मुरैना में हुई शालेय राज्य स्तरीय वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने पर जूनियर वर्ग में कुमारी मेघा बघेल एवं मिनी वर्ग में कुमारी तमन्ना कुशवाह का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल कोचिंग केम्प में किया गया है। इसके बाद यह खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस सफलता पर एलएलबी प्राचार्य मंजू राठी, खेल शिक्षक संतोष चतुर्वेदी प्रशिक्षक आकांक्षा शर्मा व्याख्याता पीएस बघेल, सीमा शर्मा, दिव्या श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, सुधीर शर्मा, एकाउंटेंट विकास शर्मा आदि ने बधाई दी है।

### आर्थिक मदद जारी

**विदिशा।** एसडीएम क्षितिज शर्मा ने सर्पदंश के एक प्रकरण में चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि मृतक के परिजन को जारी की गई है। विदिशा ग्रामीण शहरी तहसीलदार के पालन प्रतिवेदन पर जारी आदेश में उल्लेख है कि ग्राम कागपुर की सीमा पुत्री हरिबाबू भोई की मृत्यु सर्पदंश से हो जाने के कारण मृतिका की मां ममताबाई को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी की गई है।

### आज छह गांव में पहुंचेगी आईईसी वैन

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विदिशा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम तहत जिले को उपलब्ध कराए गए आईईसी वैन जनपद पंचायत वार प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जारी रूटचार्ट कार्यक्रम अनुसार रविवार 24 दिसम्बर को जिन विकासखंडों के गांवों में आईईसी वैन पहुंचेगी के शेडयूल अनुसार बासौदा जनपद के चार ग्राम हरगनाखेड़ी, पड़रिया, खेरूआ, हतौड़ा, कुरवाई जनपद के दो गांव वजीराबाद, रोशन पिपरिया शामिल है।

## डीईओ, डीपीसी, डाइट तीनों शैक्षणिक गुणवत्ताओं में निखार लाएं

# निरक्षरों की सही जानकारी न देने पर 5 बीआरसी का वेतन रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित कार्यों का जायजा लिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट के अलावा, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी समेत अन्य मौजूद रहे।

कलेक्टर ने 5 विकासखंडों के बीआरसी को सौंपे गए कार्यों की दायित्वों के निर्वहन व क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने पर उनका वेतन रोकने और सात दिनों में सर्वे कर निरक्षरों की सही जानकारी प्रस्तुत कर उन्हें साक्षर करने की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर भार्गव के द्वारा विकासखंड विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं नटेरन के बीआरसी के वेतन रोकने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्ययोजना की बिन्दुओं पर भी विचार विमर्श किया गया है। निपुण भारत कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिले के समस्त शिक्षकों से कहा गया है कि पहली, दूसरी एवं तीसरी कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लागू निपुण भारत कार्यक्रम का क्रियान्वयन पूर्ण गंभीरता से करें। ताकि आने वाले पीढ़ी शैक्षणिक रूप से सशक्त हो सकें। कलेक्टर भार्गव ने जिले में बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक निपुणता के लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए के निर्देश देते हुए उन्होंने स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए गुरूजनों की महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चे स्कूलों में उपस्थित हो वहीं कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले डीईओ, डीपीसी, डाइट तीनों के संयुक्त समन्वय से शैक्षणिक गुणवत्ताओं में निखार लाएं।




### शिक्षक स्वंय अनुशासित रहें और ऐसी ही प्रेरणा छात्रों को दें: सीईओ

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक स्वंय अनुशासित रहें और ऐसी ही प्रेरणा विद्यार्थियों को दें। उन्होंने कहा कि अनुशासन में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। कक्षा एक से तीन तक के हरेक बच्चे को भाषा और बुनियादी गणित में निपुण बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उसकी पूर्ति के लिए आपसी समन्वयक से प्रयास आवश्यक है। राज्य शिक्षा मिशन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को और बढ़ावा देने के लिए नई शिक्षा प्रणाली के अनुकूल शिक्षक और बच्चों दोनों को अभ्यास करना अतिआवश्यक है ताकि नए पैटर्न की समझ से जोड़ घटाओं, मुद्रा, मापन आकार की समक्ष के साथ-साथ भाषा पर कमाण्ड कर सकें। जिपं सीईओ डॉ भरसट ने निर्देश दिए हैं कि जिले में शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार लाने के लिए हर स्तर पर समीक्षाएं की जाएं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को विशेष पहल करने के निर्देश दिये। वहीं आगामी दो वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा कर साइकिल वितरण, शालाओं का नामांकन और मान्यता के संबंध में भी विशेष निर्देश दिए गए हैं।

# 4 साल सलाखों के पीछे रहेगा रिश्वतखोर नायब तहसीलदार

**कंम्प्यूटर रिकार्ड में सरकारी बताई जा रही थी जमीन, सुधार के लिए मांगी थी रिश्वत।**

- लोकायुक्त ने पांच हजार लेते रंगे हाथ किया था गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

न्यायालय मनोज राठी प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने रिश्वत लेने वाले नायब तहसीलदार श्यामनारायण सिंह राजपूत को 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

इस प्रकरण में पैरवी ज्योति गोयल विशेष लोक अभियोजक, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। समय-समय पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। आवेदक कमलेश शर्मा निवासी ग्राम भरनाखेड़ा शमशाबाद ने लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में एक आवेदन प्रस्तुत किया कि उसके पिताजी नन्नूलाल के नाम से साढ़े ग्यारह बीघा खेती की जमीन है। जमीन कंम्प्यूटर रिकार्ड में सरकारी दिखाई गई है। आवेदक ने नायब तहसीलदार शमशाबाद को अपने बुजुर्ग पिताजी के नाम से उक्त जमीन का रिकार्ड दुरुस्त करने आवेदन लगाया था। जिसके बदले में नायब तहसीलदार द्वारा रुपयों की मांग की गई। लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई ट्रेपिंग की कार्रवाई में नायब तहसीलदार श्यामनारायण सिंह राजपूत को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

### स्टेशन पर पुलिस जवान की हार्टअटैक से मौत

**विदिशा।** रेलवे स्टेशन पर एक पुलिसकर्मी की हार्टअटैक से मौत हो गई। पुलिसकर्मी संतोष कुमार चंदेरिया बाग सेवनिया थाने में पुलिस विभाग में कार्यरत था। जो प्रतिदिन की तरह शनिवार सुबह घर से खाना खाकर भोपाल ड्यूटी करने के लिए रवाना हुए। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते समय अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और घबराहट होने लगी। जिसके कारण स्टेशन पर ही अचेत हो गए। स्थानीय लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। जीआरपी पुलिस द्वारा पुलिस कर्मचारी संतोष को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है।

## 4-5 महीने से नहीं मिला वेतन, लगातार कर रहे हैं हड़ताल

# गैस सिलेंडर रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स कर्मचारी ने अनोखा प्रदर्शन किया। कर्मचारी अपने घरों से गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिला है।

वेतन न मिलने की स्थिति में कर्मचारी पिछले 5 दिनों से हड़ताल पर डटे हुए हैं। आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले चार-पांच महीने से हमें वेतन नहीं मिला है। ऐसे में हम अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करें। इस संबंध में हमने अपनी कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि जनवरी में वेतन डालेंगे। वह भी एक महीने का डालेंगे। ऐसी स्थिति में हम लोग अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करें। इस संबंध में आउटसोर्स पर कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग पिछले 5 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। हमारे घर में राशन पानी भी खत्म हो चुका है। साथ ही परिवार में कुछ लोग बीमार भी हैं। अब ऐसी स्थिति में उनका पालन पोषण हम लोग कैसे करें। इस संबंध में हम जिले के कलेक्टर से भी मिल चुके हैं। परंतु हमें आश्वासन नहीं मिल रहा है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। घर में गैस सिलेंडर भी खत्म हो चुका है। ऐसे में खाली टंकी लेकर हम कहां जाएं। टंकी भरवाने तक के पैसे हमारे पास नहीं हैं।



# जब तक भाजपा की सरकार है सभी योजनाएं चलती रहेंगी व अन्य योजनाएं भी आएंगी: विधायक टंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत इकोदिया एवं आंडिया कला में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन कर मुख्य अतिथियों ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन दिए। मंच पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेशी योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा है। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देशभर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेशसिंह जादौन, प. श्यामसुंदर शर्मा, तोरणसिंह दांगी, अरविंद श्रीवास्तव, प्रतीकसिंह कंग, जगदीश दांगी, मुकेश चौकसे, सचिन यादव, राघवेंद्र दांगी, रामराज दांगी, महेंद्र दांगी, लाखन दांगी, महेश चौकसे, बलवंत यादव, विनोद दांगी, खुमानसिंह रघुवंशी, रामसेवक दांगी, अजयसिंह दांगी, रोहित दांगी, नेतराम दांगी, विनोद सोलंकी, तखतसिंह दांगी, राजकुमार रैकवार आदि कार्यकर्ता सहित तहसीलदार कैलाश नारायण ओझा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन के अलावा समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सरपंच सचिव जन अभियान परिषद् व मुख्यमंत्री सेवा मित्रों की टीम साथ रही।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते भाजपा पदाधिकारी।

### नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से कांग्रेसियों ने की मुलाकात, दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज. पठारी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पठारी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान कांग्रेसियों ने क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों और संगठन की गहन जानकारी दी। वहीं क्षेत्र में संगठन के सुदृढ़ और मजबूत करने का भरोसा दिया। कांग्रेस की राष्ट्र और समाज हित की जनकल्याणकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का विश्वास जातया। इस दौरान रघु ठाकुर, पृथ्वी सिंह चौहान, रण सिंह ठाकुर, अर्पित सिंघई, शैंकी सहेले, बद्री यादव, आरिफ़ राइन, यूनुस कुरैशी, भूपेंद्र दांगी, लाल यादव, सोनू ठाकुर, अभिषेक ठाकुर सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# उदयगिरि परिक्रमा के 6 साल पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित होने वाली उदयगिरि परिक्रमा शनिवार मोक्षदा एकादशी पर पूरे 6 वर्ष हो गए हैं। आज से 6 साल पहले 30 नवंबर 2017 को परिक्रमा वेंकटेश बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई थी। परिक्रमा का उद्देश्य विदिशा को तीर्थ बनाना एवं पर्यावरण संरक्षण, नदी संरक्षण विदिशा की पुरातात्विक धरोहर का दर्शन जनमानस को करना इस परिक्रमा का मूल उद्देश्य है।

धार्मिक सद्भाव के साथ समरसता और लोगों के प्रति धर्म के प्रति जागरण होना ही इस परिक्रमा का मूल उद्देश्य है। परिक्रमा में प्रमुख रूप से मनोज शास्त्री, सरदार कुशवाह, पंडित नारायण प्रसाद शर्मा, विजय श्रीवास्तव, सरपंच सोनू कुशवाह, नेतराम कुशवाह, सुनील नामदेव, राहुल आचार्य, चंदन कुशवाह, फूल सिंह राठौड़, बबलू कुशवाह, नीरज कुशवाह, सुदर्शन महाराज, हल्के पटेल और मातृशक्ति के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। यह जानकारी मध्य प्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा के अध्यक्ष परिक्रमा के संचालक संजय पुरोहित द्वारा दी गई। अगली परिक्रमा 21 जनवरी 2024 को रहेगी। जो अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को समर्पित रहेगी।



### 12 वर्षीय बालक की इलाज के दौरान मौत

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** शमशाबाद में 12 साल के बालक की मौत का मामला सामने आया है। बालक के पिता ने बताया कि उनका बेटा अजय आदिवासी तीन-चार दिनों से बुखार से पीड़ित था। जिसे शमशाबाद के अस्पताल द्वारा विदिशा रेफर किया गया था। जहां रास्ते में ही बालक की तबियत ज्यादा खराब हो गई। इसके बाद उसने दम तोड़ दिया। बालक के परिजन मृत बालक को लेकर विदिशा पहुंचे। वहां पर अस्पताल द्वारा बालक का पोस्टमार्टम किए जाने की बात कही। बालक के पिता पोस्टमार्टम करने के लिए तैयार नहीं थे। मृतक के शव को लेकर शमशाबाद आना चाहते थे। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जब मृतक के पिता को समझाइश दी गई तो वह पोस्टमार्टम के लिए तैयार हो गए।

# पलटा ट्रक, दबकर चालक की मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नेशनल हाइवे धतूरिया जोड़ पर बीती रात भोपाल से आ रहे एक ट्रक की सामने से आ रही एक कार से भिड़ंत हो गई। कार बहककर दूर खंती में जा गिरी। ट्रक रोड किनारे ही पलट गया।

हादसे में ट्रक के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। जबकि कार में सवार पांच लोग एयरबैग खुल जाने से बच गए। हालांकि उनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना शुक्रवार की रात करीब रात 3 बजे धतूरिया जोड़ मोहित वेयर हाउस के सामने की है। मुंबई से पांच युवक कार से पर्यटक स्थल घूमने निकले थे। वह आगरा होते हुए सांची की ओर जा रहे थे। इसी बीच मंडीदीप से कुरकुरे के पैकेट भरकर सागर की ओर जा रहे एक ट्रक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में कार टकराकर खंती में जा गिरी।

हादसे में मंडीदीप निवासी ट्रक चालक आकाश की ट्रक के नीचे दबने से मौत हो गई। हादसे में ट्रक क्लीनर प्रद्युम्न पिता गजराज पटेल को गंभीर चोट आई हैं। जबकि कार में सवार मुंबई और नांदेड़ के विजय, भारत राज यांगड़े, कमलेश यांगड़े, राजू नरवरे, प्रकाश हनमत घायल हो गए। इनमें से कमलेश की हालत गंभीर होने से उसे भोपाल रेफर किया गया है, उसके सभी साथी रात को ही भोपाल चले गए।

# हिउस ने गणेशोत्सव की 130 झांकियों को पुरस्कृत किया

## धार्मिक आयोजन: 40 प्रथम, 20 द्वितीय सहित 70 प्रोत्साहन पुरस्कार झांकी समितियों को दिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गणेशोत्सव चल समारोह की 130 झांकियों को शनिवार को पुरस्कार वितरण किया गया। अग्रवाल धर्मशाला के तारा देवी हाल में हिंदू उत्सव समिति ने वर्ष 2023 के पुरस्कारों का वितरण किया।

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी ने बताया कि 130 झांकियों को पुरस्कार के रूप में भगवान परशुराम जी के शस्त्र के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणेश उत्सव चल समारोह के संयोजक राधिका शरण दास ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर निकलने चल समारोह में शामिल झांकियों को अलग अलग कैटेगरी में पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उपस्थित नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, मनोज कटारे, पूर्व वित्त मंत्री राघवजी, राकेश शर्मा, घनश्याम बंसल, अरविंद श्रीवास्तव, सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कार झांकी समितियों को दिए। मुख्य अतिथियों ने संबोधित कर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के धार्मिक आयोजनों में रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों में संस्थापक सदस्य नारायण सिंह कुशवाह, कुलदीप जड़िया, दीपक सक्सेना, राहुल कुशवाह, रघुवीर सिंह चौहान, शिवेंद्र भदौरिया, क्षितिज गौतम, सौमित्र मिश्रा, अनमोल लश्करी, महिला मंडल अध्यक्ष मिथिलेश दांगी, युवा मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, विमलेश सक्सेना, देवांश ताम्रकार आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान झांकी समितियों को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

### स्थाई विसर्जन कुंड का होगा निर्माण: टंडन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि शीघ्र ही शहर में स्थाई विसर्जन कुंड की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए सभी सामाजिक संगठनों को बैठाकर उचित स्थान चिन्हित कर निर्णय लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 40 प्रथम, 20 द्वितीय सहित 70 झांकी समितियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई, वृद्धजनों को प्रसादी वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जाट समाज ने शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की जन्म जयंती मनाई। वहीं राजस्थान मिष्ठान के संचालक रामूराम जाट के पिताजी पदमाराम जाट की द्वितीय पुण्यतिथि पर मानव सेवा न्यास में वृद्धजनों को प्रसादी वितरित की गई।

कार्यक्रम में राजकुमार सर्राफ, मनोज कटारे, अतुल शाह, अरुण सोनी, तरुण शर्मा ने अपने विचार व्यक्ति किए। जाट समाज के अध्यक्ष बीएस चौहान ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को अशोक जाट पार्षद, राजकुमार सिंह, जसवंत सिरोही ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय महासभा के अध्यक्ष लाखन सिंह जाट ने कहा की चौधरी चरणसिंह केवल एक समुदाय के एक प्रदेश के नेता नहीं थे वह संपूर्ण भारत के किसान, मजदूर, गरीब, दलितों के नेता थे। इस दौरान ज्ञानसिंह जाट, राजपाल जाट, दिलीप जाट, शंभू जाट, राज जाट, रवि जाट, सोनू सरदार, गोविंद जाट, भारत सिंह जाट, अभिनव जाट आदि जाट समाज के बंधु मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत आज

**गंजबासौदा।** रविवार को जन-जन के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुबह 10:30 बजे बागरोद चौराहा से निकल रहे हैं। इस दौरान गंजबासौदा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत बागरोद चौराहा पर किया जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा नेता यशवंत दुबे ने देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में बागरोद चौराहा पहुंचने की अपील की है।

### यातायात पुलिस बासौदा की कार्रवाई



**गंजबासौदा।** दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें 21 चालान बनाए गए एवं 9300 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान तेज आवाज वाले साइलेंसर (मॉडिफाई साइलेंसर) के द्वारा ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों पर जुर्माना किया गया। साथ ही ध्वनि प्रदूषण करने वाले साइलेंसर को वाहन से निकलवा कर सामान्य साइलेंसर लगवाये। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा ने दी।

### सोयाबीन चुराने वाले चोर पकड़ाए

**गंजबासौदा।** पिछले दिनों बागरोद कृषि मंडी में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपियों को पकड़कर उनसे चोरी का माल बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस बागरोद मंडी से नीरज शर्मा का साढे सात क्विंटल सोयाबीन कीमती करीब 40 हजार रूपए अज्ञात चोरों ने चुरा लिया था। जिसकी रिपोर्ट पुलिस में की गई थी। जिसकी जांच के बाद त्योंदा पुलिस ने राजू रैकवार, नितिन उर्फ बज्जू रैकवार, धर्मेन्द्र रैकवार निवासी बागरोद को पकड़ा और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनसे चोरी किया गया सोयाबीन बरामद कर लिया है। एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में उनि गौरव बाजपेयी, आरक्षक शशांक, सत्येन्द्र, रविन्द्र का विशेष सहयोग रहा।

### निर्भय सिंह रघुवंशी का निधन

**गंजबासौदा।** ग्राम ककरावदा निवासी दिमान, भूसा सिंह, सरदार सिंह, चिमन सिंह, वीरसिंह, राम सिंह के बड़े भाई एवं केसरी सिंह, मुकेश सिंह के पिताजी निर्भय सिंह रघुवंशी शिक्षक का स्वर्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम ककरावदा में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

## प्रतिवर्ष नपा द्वारा आयोजित कराया जाता है रामलीला मेला

# रामलीला मेले का शुभारंभ कल से इस बार रहेगा भरपूर मनोरंजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नपा द्वारा श्री रामलीला मेला का आयोजन 25 दिसम्बर से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। नवीन बस स्टैंड, मेला ग्राउंड पर आयोजित होने वाले इस मेले में गत वर्ष की तरह इस बार भी भरपूर मनोरंजन की व्यवस्था रहेगी। जिसमें झूले, खेल-खिलौने, तमाशा तथा गृहस्थी का सामान खरीदने के लिए बेहतर प्रतिष्ठानों के साथ-साथ मेले में शानदार सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को गरिमामयी समारोह में मेले का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नपा द्वारा प्रतिवर्ष रामलीला मेले का आयोजन किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मेले का आयोजन महज औपचारिकता भर रह गया था। गत वर्ष नवीन परिषद गठन के बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं पार्षदों के सहयोग से मेले का भव्य और मनोरंजक आयोजन किया गया था। इस वर्ष भी नपा द्वारा इस मेले को गतवर्ष की तरह ही आयोजित करने जा रही है।

सोमवार को मेले के शुभारंभ अवसर पर नौलखी मंदिर से शाम 5 बजे श्रीराम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो मुख्य मार्ग से होती हुई श्रीरामलीला मंच मेला ग्राऊण्ड पहुंचेगी। जहां विधिवत पूजन अर्चन के बाद मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

इसके बाद आगामी 1 जनवरी से जनक दुलारी आदर्श रामलीला मंडली अयोध्या द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। जबकि इस वर्ष मेले में स्वस्थ आवाम... स्वस्थ वतन के तहत खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगीं। जिनमें 5 जनवरी को कुश्ती प्रतियोगिता, 6 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता, 7 जनवरी को खो-खो प्रतियोगिता, 8 जनवरी बॉली बॉल प्रतियोगिता एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होगीं। वहीं आगामी 13 जनवरी को प्रसिद्ध लोकगीत गायक जित्तू खरे (बादल) दमोह द्वारा शाम साढे सात बजे से लोकगीतों की प्रस्तुति दी जाएंगीं। उधर मेले के समापन अवसर पर 14 जनवरी को सारेगामा प्रतियोगिता का फायनल राउंड होगा और उसी दिन मेला समापन एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

मेला आयोजन को लेकर सीएमओ पवन शर्मा, मेला समिति अध्यक्ष सुनील साहू, सदस्य सरोज रामबाबू रघुवंशी, भारती सरदार अहिरवार, शिवानी धर्मेन्द्र कुशवाह, जगदीश व्यास, राहुल ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अंशलेखा रोहित भावसार, सह प्रभारी नीलू चंद्रशेखर चौबे सहित मंजू कुशवाह, सौदान सिंह यादव, नीलू मणि अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, विजेता राजू ठाकुर, मनोज अहिरवार, सतीश चंद्र जैन, संतोषी जितेन्द्र मैना, रिचा संजय भावसार, ज्योति पिंकू महाराज, रितुज एलिया, मूलचंद अहिरवार, नारायण सोनी, सैयद जोएब हसन आदि ने नागरिकों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधारकर रामलीला मंचन एवं खेल, तमाशे, मनोरंजन के साधनों का लुत्फ उठाने, खेल प्रतियोगिताओं को देखने और खिलाडियों का उत्साह वर्धन करने, दुकानों से मनपसंद खरीददारी करने की अपील की है। उधर मेले के आयोजन को लेकर झूले, खेल, तमाशे वालों ने अपना डेरा डाल लिया है और झूले आदि स्थापित कर उनका संचालन शुरू कर दिया है। वहीं मनिहारी सहित बर्तनों, कपडे, खिलौने क्रॉकरी, सजावटी सामान, खेल सामग्री, निशानेबाजी, आइस्क्रीम, सहित तरह तरह के सामान की दुकानें भी सज गई हैं। इसके अलावा होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों ने भी अपने अपने स्टाल सजा लिए हैं। मेले में इस बार तरह तरह के झूले, रेलगाडी सहित बच्चों को लुभाने वाले मनोरंजक साधनों की भरमार हो गई है।

## कॉलेज में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश पार्थ शंकर मिश्र वरिष्ठ खंड बासौदा ने विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में विभिन्न प्रकार से होने वाले साइबर क्राइम से अवगत कराया एवं छात्र-छात्राओं को इन साइबर क्राइम से सुरक्षित होने के उपाय बताए। साइबर क्राइम पीड़ित व्यक्ति को वैधानिक पुलिस सहायता एवं हेल्पलाइन नंबर के सुझाव दिए। अधिवक्ता राजेश सक्सेना, सुभाष ताम्रकार, यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अमित शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले तथा पैरा लीगल वालंटियर-देवेंद्र साहू मंचासीन रहे। सभी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उपभोक्ता के अधिकारों से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन सबीहा मंसूरी एवं सुमन विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आभार डॉ कंचन वैद्य, स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ सरिता घेंघट, डॉ विजय शाक्य, डॉ बीके प्रजापति सहित डॉ. धीरेंद्र पटेल, मनीष दुबे, डॉ बिदेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, डॉ रेखा जांसल, डॉ पवन जैन, डॉ सपना श्रीवास्तव, डॉ एल.एन. दुबे, सौरभ विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में शैली, सृष्टि, नंदिनी, रामादित्य आदि के साथ महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने नवांकुर का दल चंद्रपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नवांकुर का दल विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा के नेतृत्व में कल शाम चन्द्रपुर महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गया है। जहां 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सागर में किया गया। जहां विद्यालय की छात्रा दीप्ति प्रजापति ने ट्रिपल जंप और 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड मेडल जीता।

इसी प्रतियोगिता में विद्यालय की नैना कुशवाह ने हैमर थ्रो और अमर जोशी ने 110 मीटर हर्डल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अब ये विद्यार्थी राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चन्द्रपुर महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गए हैं। नवांकुर विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाऐं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उधर राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के विशेष वार्षिक शिविर का आयोजन आजाद नगर, ग्राम पंचायत भाटनी अंतर्गत तपोवन में 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस शिविर में 80 स्वयं सेवक छात्र-छात्राऐं सहभागिता कर रहे हैं। इन छात्र छात्राओं के नैतिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वयंसेवकों का दल आज राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में रवाना हो रहा है। बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा और राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक प्रभारी विनय सोनी भी स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करेंगे। 25 दिसम्बर को शिविर का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में अलग-अलग दिवसों में महिला



सशक्तिकरण,पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता कार्यक्रम, राष्ट्रीय सेवा योजना दर्शन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। विद्यालय परिवार ने सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एक स्कूल परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मां सरस्वती, बालाजी एवं गुरुदेव के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व क्षेत्रीय मंत्री विश्व हिन्दु परिषद् राजेश तिवारी, समाज सेवी राजेश माथुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सरिता जैन, जिला मंत्री सरिता रघुवंशी एवं वर्तमान में वार्ड क्रमांक 18 एवं 24 की पार्षद नीलू चौबे एवं अंशलेखा भावसार एवं वरिष्ठ पत्रकारगण अतिथियों के रूप में मौजूद थे। मेले के मुख्य आकर्षणों में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए साइंस



मॉडल प्रदर्शनी रही। जिसमें चलित जेसीबी, चंद्रयान , वेक्यूम क्लीनर, वॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम, सेल्फी कॉर्नर, मटकी फोड, नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए मुफ्त विभिन्न प्रकार के झूलों, मिक्की माउस, हॉर्स राइडिग, ट्रेन, जम्पिंग गोल गगन चुंबी झूले आदि थे। साथ ही बच्चों एवं उनके अभिभावकगणों ने विद्याथियों एवं शिक्षकों के द्वारा निर्मित विविध प्रकार के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले मे उपस्थित अतिथियों ने उद्बोधन में आयोजित इस बाल मेले की प्रसंशा की। बाल मेले के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के संचालक मुकेश सिंह राजपूत, प्रतीक कोहली, रूचिरा कोहली, रानू सिंह राजपूत ने छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकगणों का आभार व्यक्त किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया डीपी ज्वेलर्स की एग्जीबिशन एवं सेल का शुभारंभ



**गंजबासौदा।** शुद्धता, पारदर्शिता और सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइन्स के लिए लोकप्रिय रतलाम के डीपी ज्वेलर्स द्वारा आयोजित की जा रही दो दिवसीय एक्सक्लूसिव ज्वेलरी एग्जीबिशन एवं सेल का शुभारंभ नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा किया गया। एग्जीबिशन एवं सेल में उपलब्ध गोल्ड, गोल्ड एंटीक, डायमंड, डायमंड पोल्की, जड़ाऊ, सोलिटेयर और सिल्वर ज्वेलरी के लेटेस्ट कलेक्शन बेहद पसंद किया जा रहा है। 50,000 से अधिक ज्वेलरी डिज़ाइन्स के साथ ही चांदी की हॉलमार्ल्ड मूर्तियों एवं बर्तनों की नवीनतम वैरायटी भी काफी चर्चा में है। त्योंदा रोड स्थित होटल योगेश्वरी में प्रातः 10 से रात्रि 9 बजे तक आयोजित हो रही इस एग्जीबिशन एवं सेल के अंतिम दिन का लाभ उठाएं और पसंद करें सर्वश्रेष्ठ आभूषण। साथ ही यहां आप अपने किसी भी आभूषण की शुद्धता की जांच कैरेटोमीटर मशीन द्वारा निःशुल्क करवा सकते हैं। 25 लाख से अधिक परिवारों के भरोसेमंद ज्वेलर्स के रूप में अपनी पहचान बना चुके डी.पी. ज्वेलर्स पर **IGI** सर्टिफाइड और **HUID** व **BIS** हॉलमार्क ज्वेलरी की विस्तृत रेंज न्यूनतम मेकिंग चार्ज के साथ उपलब्ध है। जैसी शुद्धता वैसा दाम, कस्टमर फ्रेंडली बाय बैंक पॉलिसी और बेस्ट शॉपिंग अनुभव जैसी विशेषताओं ने पिछले 83 वर्षों से डीपी ज्वेलर्स को बनाए रखा है हर शुभ अवसर पर ग्राहकों की पहली पसंद डीपी ज्वेलर्स की स्वर्ण समृद्धि स्कीम एवं डैज़लिंग डायमंड स्कीम द्वारा आप मंथली इन्सटॉलमेंट पर अपनी पसंद की गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी खरीद सकते है। डीपी ज्वेलर्स इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के बहुमूल्य बेस्ट प्रोमिसिंग जेम्स एंड ज्वेलरी कंपनी पुरस्कार से सम्मानित है। साथ ही डीपी ज्वेलर्स बेस्ट ब्राइडल ज्वेलरी, बेस्ट रिंग डिज़ाइन और बेस्ट ब्राइडल डायमंड ज्वेलरी अवार्ड विजेता भी है। डीपी ज्वेलर्स का प्रत्येक आभूषण एथिकल सोर्सिंग, क्वालिटी सर्टिफिकेशन, इन्वेस्टमेंट वैल्यू और मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता रखते हुए तैयार किया जाता है और स्टेट ऑफ़ आर्ट पैकेजिंग के साथ ग्राहकों को प्रदान किया जाता है।

## बेदनखेड़ी की पुरानी पुलिया को तोड़ा



**गंजबासौदा।** नगर के नया बस स्टैंड से तिरंगा की ओर जाने वाले बायपास मार्ग पर पाराशरी पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। ठेकेदार ने पुराना पुल तोड़ने का काम शुरू कर दिया है, जिसे पोकलेन मशीन द्वारा तोड़ा जा रहा है।

### गंदगी फैलाने पर एक दुकानदार पर लगाया जुर्माना

# खुले में मांस विक्रय न करने की दी समझाइश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं को जागरूक करने एवं गंदगी फैलाने करने पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर के निर्देश, एसडीएम विजय राय और नपाध्यक्ष शशि यादव एवं सीएमओ पवन शर्मा के निर्देश अनुसार नगर पालिका, पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त दल के द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें वार्ड नंबर 8 बस स्टैंड , वार्ड 19 एवं वार्ड 23 में खुले में मांस विक्रय करने वाले मांस बकरा मुर्गा मछली विक्रय करने वाले विक्रेताओं को जागरूक किया गया एवं उनको समझाइश दी गई। साथ ही उनके द्वारा गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई की गई।

शासन के निर्देश अनुसार संयुक्त दल के द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु बताया गया कि बकरा मुर्गा जानवर जो स्वस्थ हो उन्हीं का मांस खाया जाए बकरी को नहीं काटना है। बीमार जानवर को नहीं काटना है काटने के पूर्व मुर्गा बकरा को पशु चिकित्सा में लाकर के परीक्षण करवाये और मांस को 24 घंटे के अंदर ही उपयोग करना है। स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान ने बताया कि जिस स्थान पर मांस विक्रय किया जाता है वहां पर सफाई रखें मांस के अवशिष्ट इधर-उधर नहीं फेकें। जिससे कि वातावरण प्रदूषित न हो।

मांस को ढक करके रखना है, आम नागरिकों को देखने में ना आए अपारदर्शी कांच का प्रयोग कर सकते हैं खुले में ना रखें पर्दा लगा करके रखें सीएमओ ने बताया कि अति शीघ्र नगर पालिका के द्वारा खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं को लाइसेंस जारी किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका में स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान, नीरेंद्र डे उप राजस्व निरीक्षक एवं पशु चिकित्सा खंड अधिकारी प्रणव सिंह के संयुक्त दल में शामिल रहे। इस दौरान गंदगी पाए जाने पर गुड्डू भाई एवन चिकन शॉप वार्ड क्रमांक 19 के ऊपर 500 रुपए का जुर्माना किया गया।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन समाज का ,विवाह योग्य युवक -युवतियों का परिचय सम्मेलन रविवार को समय सुबह 9 बजे से जैन पाठशाला ग्राऊण्ड नेहरू चौक में आयोजित होने जा रहा है। तारण तरण जैन जागृति मंडल भोपाल तथा तारण तरण दिगंबर जैन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन विशाल स्तर पर होगा। इसमें सकल तारण जैन समाज के विवाह योग्य युवक-युवती अपने अभिभावकों के साथ सहभागिता करेंगे। विशाल हाईटेक एलईडी स्क्रीन, कुंडली मिलान की सुविधा आयोजकों द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति से समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर, सुयोग्य वर-वधू का चयन करें। इस अवसर पर विवाह योग्य प्रत्याशियों के रंगीन चित्र युक्त बायोडाटा की स्मारिका परिचय प्रतिबिम्ब का विमोचन भी किया जाएगा।

## शिक्षकों के योगदान, सम्मान के लिए कोई विशेष दिन नहीं : कादरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा 21 वे स्थापना दिवस पर पूरे देश मे विभिन्न सामाजिक जन सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी के तहत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ, पर्यावरण एवं सेवा कार्य प्रकोष्ठ द्वारा विकासखंड के श्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा एक छात्र के जीवन पर उनके शिक्षक का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही शिक्षक देश के भविष्य छात्रों के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण का मार्ग भी तैयार करते हैं। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करने और उनको सम्मान के लिऐ कोई विशेष दिन नही होता हम सबको हर पल हर क्षण अपने शिक्षक गुरूदेव का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठ नेता समीर किरमानी ने कहा मनुष्य के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व है। ज्ञान के माध्यम से ही मनुष्य अपने समाज तथा अन्य चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाता है। यह ज्ञान केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं है, हमको हमारे शिक्षक जीवन जीने का तरीका, संस्कार, मानव मूल्य, विचार करने की क्षमता तथा कठिनाइयों का सामना करने का साहस सिखाते है। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक पृथ्वीसिंह रघुवंशी, भगवान सिंह अहिरवार, आरती अहिरवार, गंगा देवी सेन का शाल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर मंच के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शाम को लगा जाम

**गंजबासौदा।** शनिवार को शाम के समय नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा।

### रघुवंशी को एएसआई बनने पर दी बधाई



**गंज बासौदा।** देहात थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय सिंह रघुवंशी की गत दिवस एएसआई पद पदोन्नति हुई है। इस मौके पर एसडीओपी मनोज मिश्रा ने उन्हें स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी। यहां उल्लेखनीय है कि अजय सिंह रघुवंशी पिछले 40 वर्ष से पुलिस सेवा में हैं और जिले में वर्ष 2018 से पदस्थ हैं। अच्छी कार्यप्रणाली और अच्छे व्यवहार के चलते वे अपने सहकर्मियों और नागरिकों में काफी लोकप्रिय हैं। उनके अच्छे कार्य अनुभव को देखते हुए विभाग द्वारा उन्हें पदोन्नति प्रदान की गई है।

### नृत्य, गायन के साथ ही किया बाईबल के संदेश का वाचन

# धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस उत्सव, गूंजते रहे बधाई गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकंडरी स्कूल में क्रिसमस त्यौहार के पूर्व धूमधाम से क्रिसमस उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ में शिक्षक रोजमेरी के द्वारा क्रिसमस पर्व क्यों मनाया जाता है उस पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन के द्वारा प्रभु ईसा मसीह के जन्म एवं उनके चमत्कारों पर प्रकाश डाला एवं दान का महत्व बताया। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ईसा मसीह के जन्मोत्सव पर कैरोल सॉग एवं बधाई गीत गया। इस अवसर पर केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया। इसके उपरांत विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बधाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।






**निर्मला कान्वेंट हा.से. स्कूल में आयोजन**

विद्यालय के प्रबंधक फादर एंटोनी ने बाईबल के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि ईश्वर ने संसार को इतना प्यार किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो उसमें विश्वास करता हैं, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि अनन्त जीवन प्राप्त करें। संत योहन 3:16 उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ईसा का जन्मोत्सव है क्रिसमस। यह त्योहार पुरा संसार धुमधाम से दिसम्बर 25 तारीख को मनाते हैं। प्रभु ईसा ने मानव बनकर इस पापमय दुनिया में रहने वाले सभी मानवजाति को पापों से बचाने के लिए उनकी रक्षा हेतु मुक्तिदाता के रूप में जन्म लिया। उन्होंने मानव बनकर बिना कोई भेदभाव से सब को प्यार किया और सभी को शांति प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा एवं मायसरा ने किया।

## किया राष्ट्रीय किसान दिवस समारोह का आयोजन



सिरोंज। लटेरी रोड स्थित संस्कार ग्रीन वैली स्कूल शनिवार को राष्ट्रीय किसान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए हुए किसान भाइयों ने अपनी उपस्थिति से समारोह में गरिमा प्रदान की। यह दिन भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं के द्वारा चौधरी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण की सराहना की गई। विद्यार्थियों ने किसान भाइयों के जीवन पर आधारित सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही सभी अतिथियों ने खुले हृदय से प्रशंसा की और किसान दिवस को धूम धाम से मानने के स्कूल की पहल को सराहा। विद्यालय चेयरमैन निजाम खान और प्राचार्या दीपाली अल्हाट ने सभी उपस्थित अतिथि गणों को पुष्पगुच्छ से स्वागत और सम्मान स्वरूप किसान सम्मान पत्र भेंट कर उनके कठिन परिश्रम और कर्मठ कार्य हेतु धन्यवाद किया।

### नागरिकों ने की थी मरम्मत की मांग

## प्याऊ की मरम्मत को लेकर एसडीएम चौधरी ने सीएमओ को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के नया बस स्थित प्याऊ ही भीषण गर्मी में यात्रियों व रहागीरों के लिए अपनी प्यास बुझाने का एक मात्र सहारा है। उक्त प्याऊ की देखभाल न होने के कारण जीर्ण-शीर्ण हालात हो गई। इसको लेकर कई बार शहरवासियों ने नगर पालिका से प्याऊ के सुधार को लेकर अर्जी लगा चुके थें लेकिन फिर भी प्याऊ की मरम्मत नही हो पाई। प्याऊ जीर्ण-शीर्ण हालात में होने के कारण गर्मी के समय आम नागरिकों व यात्रियों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

वही नपा द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम के दौरान जैसे ही एसडीएम हर्षल चौधरी की नजर उक्त जीर्ण-शीर्ण प्याऊ पर पडी तो एसडीएम ने तत्काल नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू को प्याऊ की मरम्मत करने को लेकर निर्देशित किया। वही सीएमओ राम प्रकाश साहू ने इस कार्य को पहली प्रथामिकता से करने की बात कही। वही उन्होने कहा कि शहर के विकास के एजेंडे व कार्य योजना में प्याऊ की मरम्मत भी मुख्य मुद्दा था। प्याऊ की मरम्मत के बाद शहरवासियों व अन्य शहरों ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले यात्रियों को गर्मी के समय पानी के लिए किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों को सामना नही करना पडेगा।

### अंधेरी वेस्ट में होगा आयोजन

## 16 जनवरी को वाग्धारा स्वयंसिद्ध सम्मान से सम्मानित होगें मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



वाग्धारा सम्मान समारोह जो कि 16 जननवरी 2024 को महाराष्ट्र के मुक्ति ऑडिटोरियम मॉडम टाउन,अधेरी वेस्ट में होने जा रहा है। उक्त सम्मान समारोह के लिए वरिष्ठ अभिनेता व रंग निर्देशक महंत संजय मेहता का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि संजय मेहता देश के वरिष्ठ अभिनेताओं में गिने चुने नामों में जाने जाते है। इसलिए उनका नाम उक्त सम्मान के लिए चिहिंत किया गया है वही महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस द्वारा मेहता को वाग्धारा स्वयंसिद्ध सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। महंत संजय मेहता फिल्म दुनिया की कई बडी फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुके है। वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता ने बताया कि फिल्म ओमेर्वा में हंसल मेहता इसके पहले ही शाहिद से चर्चा बटोर चुके है। उन्हें इस फिल्म के लिए 2013 में बेस्ट डायरेक्टर का नेषनल अवार्ड मिल चुका है। उनकी अन्य फिल्मों में सिटी लाइट,अलीगढ और सिमरन शामिल है। ओमेर्ता पाकिस्तान के इंग्लैड बेस नागरिक उमर शेख पर केंद्रित है। यह फिल्म मुख्य रूप से यह बताती है। कि पाकिस्तान और आईएसआई का नेक्सस किस तरह आतंकवाद को पोषित करता है और पाकिस्तान नागरिकों सहित विदेशों में रह रहें पाकिस्तानियों का कैसे इस्तेमाल करता है। इस फिल्म की अधिकांश शूटिंग मनाली में हुई और जहां अफगानिस्तान के आंतकवादियों के अड्डे व पाकिस्तान के कुछ हिस्सों का सेट लगाया गया था। साथ ही इस फिल्म की कुछ शूटिंग मुंबई में भी की गई।



## प्री-नेशनल ताइक्वांडो कोचिंग कैंप के लिए बैतूल रवाना हुए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

31 दिसम्बर से 5 जनवरी तक बैतूल में 67 वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित होगी। उक्त प्रतियोगिता के लिए प्री नेषनल कोचिंग कैंप का 23 से 30 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। प्री नेशनल कोचिंग कैंप और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शनिवार को आदर्श ताइक्वांडो क्लब के दो खिलाड़ी सबजूनियर बालक वर्ग में समर्थ दिनकर वजन वर्ग अंडर 25 किलोग्राम और जूनियर बालिका वर्ग में कृतिका कोहली वजन वर्ग अंडर 52 किलोग्राम में इस राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वही दोनो खिलाडी शनिवार को सुबह 8 बजें दक्षिण एक्सप्रेस माध्यम से नेशनल ताइक्वांडो कोचिंग कैंप के लिए बैतूल रवाना हुए। वही यह दोनो खिलाडी नेशनल कैंप के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

### वरिष्ठ शिक्षक मनोज शर्मा बने प्राचार्य

## शास. कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य पद में फिर हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सकुंल केन्द्र होने से उक्त संकुल केन्द्र के अंतर्गत लगभग 390 स्कूल आते है। वही उक्त स्कूल 73 दिनों से प्राचार्य विहीन था। जिस कारण स्कूल की षिक्षण कार्य के अलावा संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले स्कूल एंव षिक्षको को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। जिसकी जानकारी मिलते ही हरिभूमि ने 20 दिसम्बर 2023 को समाचार प्रकाशित कर उक्त मामले को उठाया था।

वही समाचार प्रकाशित होने के एक दिन बाद ही जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सकुंल केन्द्र पर प्राचार्य के रिक्त पद पर शासकीय हाई स्कूल ईमलानी में पदस्थ मनोज शर्मा को प्रभारी प्राचार्य के आदेश जारी किए थे और आदेश मिलने के बाद मनोज कुमार शर्मा ने शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचकर प्राचार्य का पदभार भी ग्रहण कर लिया था। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी द्वारा शुक्रवार 22 दिसम्बर को एक और आदेश जारी किया गया। उक्त आदेश में उल्लेख किया गया कि शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य पर रिक्त होने से शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक मनोज कुमार शर्मा को अपने कार्य के साथ कन्या उ.मा.विद्यालय के प्राचार्य का कार्य अन्य आदेश व पदपूर्ति तक करने हेतु आदेशित किया गया। तो वही शनिवार को वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने प्रभारी प्राचार्य में पदभार ग्रहण किया। वही शिक्षक-शिक्षकों व समस्त स्कूल स्टाफ ने शर्मा को फूलमाला पहनाकर बधाईयां दी।

### महिला कांग्रेस संगठन में फेरबदल

## जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष बनने के लिए पेश की अपनी दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



हार के बाद कांग्रेस में सांगठनिक फेरबदल का दौर जारी है। जानकारी के अनुसार अब मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों को भी शीघ्र बदला जाना लगभग तय है।

ऐसे में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष की दावेदारी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला उत्पीड़न निवारण विभाग की प्रदेश अध्यक्ष एवं विदिशा जिले की महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने भी की है ऐसा लगता है की प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद शीघ्र नए सक्रिय संघर्षील महिला को मिल सकता है प्रियंका किरार विदिशा जिले में ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में महिला उत्पीड़न विभाग के माध्यम से सक्रिय रही है और संपूर्ण मध्य प्रदेश में उनकी एक महिला कांग्रेस से अलग प्रकोष्ठ की टीम खड़ी है जो प्रियंका किरार के नेतृत्व में हमेशा कांग्रेस के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है। ज्ञात हो कि महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार ने जहां-जहां महिलाओं पर अत्याचार हुए बेटियों के मान सम्मान के साथ खेला गया वहा जाकर संघर्ष किया। उन्होंने अपनी आवाज को बहुत वजनदारी से उठाया जिसे कमलनाथ ने हर अवसर पर सराहना की प्रदेश के विभिन्न पदाधिकारी महिला पदाधिकारी यह चाहती है कि आगामी समय में यदि महिला कांग्रेस में परिवर्तन हो तो प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी केवल सक्रिय जमीन पर संघर्ष करने वाली जन आंदोलन के माध्यम से अपनी बात को रखने वाली हर महिला और बच्चियों की आवाज को धरातल पर उठाने वाली किरार को ही प्रदेश महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाए।

## नटेरन में लगभग तीस लाख के विकास कार्यों का विधायक मीणा ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग अजीविका मिशन कृषि विभाग महिला बाल विकास विभाग राजस्व विभाग आदि द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाए गए। इस दौरान शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक मीणा द्वारा शपथ दिलाई गई एवं अपने उद्बोधन में कहां की संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा लाभ देना है विधायक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता खेत में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किया वहीं शासकीय कन्या हाई स्कूल नटेरन छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति पर एक शानदार नाटक की प्रस्तुति दी जिसकी सभी जनमानस में सराह न की। कार्यक्रम के दौरान शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी द्वारा नटेरन पंचायत के लगभग 30 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। दासखजुरी सरपंच निरंजन सिंह रघुवंशी एवं नटेरन सरपंच प्रतिनिधि जगन्नाथ आदिवासी द्वारा विधायक का शाल श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व नटेरन नगर में नवनियुक्त विधायक पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश मीणा के प्रथम नगर आगमन पर विजय जुलूस एवं आभार यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर एसडीएम अजय पटेल, जनपद सीईओ जितेंद्र धाकरे, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित लक्ष्मी नारायण तिवारी, बदन सिंह रघुवंशी, शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी, जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़, भागीरथ सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी, अरुण रघुवंशी, संग्राम रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी, कमलेश मेहर, मनमोहन यादव आदि मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही गांव-गांव

ग्यारसपुर। नपद ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत पथरई, इमलावदा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां पर ग्रामीणों को केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। जिसमें सरकारी विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं से वंचित परिवारों के आवेदन लिए गए उनके नाम जोड़े गए , यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, पथरई ग्राम पंचायत में छोटी-छोटी छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें सभी अतिथियों के द्वारा उनकी सराहना की गई । इमलावदा में बुजुर्ग दादा के द्वारा नृत्य किया गया। ग्राम पंचायत का 100 प्रतिशत ऑनलाइन रिकॉर्ड राजस्व का किया गया जिसके चलते ग्राम पंचायत इमलावदा को अभिनंदन पत्र दिया गया, कार्यक्रम में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मीणा प्रताप सिंह रघुवंशी, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, मुन्नालाल रघुवंशी, रामनारायण रघुवंशी, रामशरण सिंह रघुवंशी, बरेलाल लोधी, विजय कुमार जैन, गोविंद सिंह रघुवंशी, संजय सिंह रघुवंशी, नीरेंद्र दांगी सरपंच मनोज रघुवंशी, संजीव रघुवंशी, समग्र सुरक्षा अधिकारी महेश कुशवाह नोडल अधिकारी शानू जैन आदि मौजूद रहे।

### टीम पहल ने शुरू की रैन बसेरा की सुविधा

बरेली। नगर में समाजसेवा के विभिन्न कार्यो से जुडी संस्था टीम पहल द्वारा अपने आश्रम में रैन बसेरा की शुरूआत की गई। फोरलेन-45 एवं नर्मदांचल के बडे नगर में एक भी धर्मशाला रैन बसेरा न होने से नर्मदा परिक्रमावासी गरीब, बेसहारा वर्ग के लोग भीषण शीत में रात्रि विश्राम करने भारी परेशान बने हुए थे। पिछले दिनों इस समस्या, मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाया गया और सेवा कार्यो में सक्रिय टीम पहल ने समाधान की दिशा में प्रयास करते हुए रैन बसेरा की शुरूआत कर दी। अब ग्रामीण क्षेत्र से बीमारों के साथ आए परिजनों के साथ बेघर, बेसहारा जरूरतमंद लोग टीम पहल द्वारा प्रारंभ रैन बसेरा में सुविधापूर्ण ढंग से रात्रि विश्राम कर पाएंगे। टीम पहल द्वारा पूर्व से वृद्धाश्रम, निःशुल्क भोजन कराने, पहुंचाने के साथ बीमार गोवंश के उपचार की निःशुल्क त्वरित सेवाएं दी जा रही हैं। पावर हाउस, जैन मंदिर के पास टीम पहल का भवन सेवा कार्यो का केन्द्र बना हुआ है। जिससे नगर एवं क्षैत्र के दर्जनों युवा सेवाभावी जुड़कर विभिन्न सेवा कार्यो को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं।

### रामलीला मैदान से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा, दशहरा मैदान पर हुआ स्वागत

बरेली। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को बरेली नगर में दूसरे वर्ष खाटू श्याम जी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रीराम लीला मैदान से सेकडो की संख्या में निशान ध्वज लेकर श्रद्धालु सम्मिलित हुए। रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई निशान यात्रा बडा बाजार स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंची, नगर के प्रमुख मार्गो संकट मोचन हनुमान मंदिर होते हुए दशहरा मैदान पर समापन हुआ। निशान यात्रा में 551 महिला पुरूष अपने हाथो में विशाल ध्वज निशान लेकर साथ रहे। जबलपुर के श्याम ब्रांस बैंड, बनारस से आए कलाकारों द्वारा विभिन्न नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र बनी रही। निशान यात्रा में विशाल रथ पर खाटू श्याम जी की विशेष झांकी सजाई गई थी। नगर के प्रमुख मार्गो पर निकली खाटू श्याम जी की निशान यात्रा का स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रद्धालु परिवारों, भक्तों द्वारा पूजन, स्वागत किया जाता रहा। लगभग ढाई घंटे का भ्रमण कर निशान यात्रा का दशहरा मैदान पर समापन हुआ।

## किसानों को डीएपी मिल रहा पर यूरिया खाद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए अनेक योजनाए चला रही है। परंतु निचले स्तर पर खाद की समय पर व्यवस्था न होने से किसान बोवनी के समय डीएपी, खाद की कमी से जूझते रहे। अब जब फसलों की सिंचाई का महत्वपूर्ण समय है, किसान एक-एक बोरी यूरिया, खाद के लिए हैरान परेशान हो रहे है।

खेती को लाभ का धंधा बनाने कृषि यंत्रो के साथ अन्य अनेक अनुदान योजनाए सरकार और कृषि विभाग चला रहा है। परंतु अच्छी उपज उत्पादन के लिए उम्दा किस्म के बीज और बोवनी, सिंचाई के समय आवश्यकतानुसार किसानों को डीएपी, यूरिया, खाद मिलना जरूरी है। धान, गेहूं, चना की खेती में किसानों द्वारा मुख्य रूप से रासायनिक खादों का ही उपयोग किया जाता है। प्रति सीजन कितनी मात्रा में डीएपी, यूरिया, खाद किसानों को लगती और उठाव बिक्री होती है, यह सब कुछ विपणन संघ और कृषि विभाग के अधिकारियों को मालूम होने के बाद भी प्रति सीजन, प्रतिवर्ष किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद क्यों नहीं मिल पाता, यह समीक्षा और कार्यवाही का विषय बना हुआ है। खुले बाजार में लंबे समय से डीएपी, यूरिया, खाद किसानों को नहीं मिल पा रहा है। डबल लाक की मंडी स्थित गोदाम पर फिलहाल डीएपी, खाद, किसानों को मिल रहा है। परंतु यूरिया, खाद गोदाम में न होने से किसानों को गेंहू फसलों की सिंचाई के समय जरूरी, उपयोग किया जाने वाला यूरिया खाद न मिलने से किसान एक-एक बोरी के लिए भारी हैरान परेशान बने नजर आ रहे है।

## लंबे समय के बाद हुई अतिक्रमाण विरोधी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड बीना तिराहे, अंबेडकर पार्क के सामने, शासकीय अस्पताल के सामने, मार्केटिंग सोसायटी की दुकानों के सामने, कैथौरा रोड पर डीपी के पास अतिक्रमाण कर रखे गए खोकों को हटाने की कार्रवाई की गई।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रखे गए खोकों और दुकानों को स्थानीय प्रशासन ने पुलिस बल मौजूदगी में नोटिस जारी का अपनी स्वयं की इच्छा से अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। जिसको देखते हुए अतिक्रमण कर्ताओं ने स्वयं अपने खोकों और दुकानों को सुरक्षित तरीके से बिना किसी विरोधाभास के हटा ली है जिससे नगर की मुख्य मार्ग सुंदर दिखने लगा है नगर वासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को सही ठहरा है। बरसों से नगर के प्रभावशाली लोगों ने शासकीय जमीनों पर खोका रखकर अतिक्रमण कर लिया था और इन खोकों को गरीबों बेरोजगारों को किराए पर देकर मोटी कमाई की जाती थी। जिसकी जानकारी सभी अधिकारियों और नागरिकों को थी लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पता था।

मप्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में भू माफिया और अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश जारी करने से प्रशासन बिना राजनीतिक दबाव के निष्पक्षता पूर्ण कार्रवाई करने में सक्षम हो पाया। जिसका परिणाम सामने आया कि नगर में सभी प्रकार के अतिक्रमण बिना किसी परेशानी के हट गए। विगत तीन दिनों से अतिक्रमण विरोधी अभियान की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी ।आज सरकारी अस्पताल के सामने के अतिक्रमण को हटाते समय कुछ लोगों द्वारा विरोध किया गया जिसको प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर लाकर हटाने की कार्रवाई शुरू की तो तत्काल सभी अतिक्रमण कर्ताओं ने अपने-अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिए। नगर के बेरोजगार युवाओं ने प्रशासन से मांग की है की जो शासकीय जमीन खाली हुई है उस पर नगर पालिका द्वारा दुकानों का निर्माण कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने की व्यवस्था की जाए। साथ ही जिन शासकीय भूमियों पर पक्के अतिक्रमण कर लिए गए हैं उनको भी शासन द्वारा हटाया जाए।

## सरकार की योजनाओं का लें लाभ:विधायक पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बाड़ी जनपद की सबसे बडी ग्रापं. कस्बा खरगौन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वृहद कार्यक्रम हुआ। सरकार की लाभकारी योजनाओं के लिए विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए थे। नव निर्वाचित भाजपा विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने उदबोधन में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए इन योजनाओं का छूटे पात्र व्यक्तियों से लाभ लेने का आग्रह किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मुख्य बाजार स्थित गांधी चबूतरा पर हुआ। नव निर्वाचित विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल का सरपंच विनोद त्रिपाठी, पूर्व सरपंच भगवान सिंह धाकड, शक्तिप्रकाश तिवारी, घनश्याम सिंह रघुवंशी, पीयूष तिवारी, राम स्वरूप धाकड, कमलेश पटैल, कैलाश नारायण पटैल, गजेन्द्र साहू, दर्शन साहू, अखिलेश धाकड, दीनदयाल धाकड, गोपाल राजपूत, तुलसीराम राय सहित अन्यों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान खरगौन के सरपंच विनोद त्रिपाठी द्वारा ग्राम की विभिन्न समस्याए विधायक पटैल के समक्ष रखी गई। मुख्य रूप से श्मशान घाट, सरकारी रास्तों, गोहो पर अतिक्रमण, बस स्टेण्ड निर्माण के साथ यात्रियों की सुविधाओं के लिए भूमि की मांग की गई। भाजपा विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने केन्द्र प्रदेश की सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने का आग्रह किया। किसी भी समस्या के लिए सीधे संपर्क करने का कहा कि मैं आपका सेवक हूॅ। सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों से भी विकास एवं लाभकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रियतापूर्वक कार्य करने का आग्रह किया।

खबर संक्षेप

## अज्ञात कारण से किराना दुकान में लगी आग

**सलामतपुर।** भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के बालमपुर में अज्ञात कारणों से किराना एवं चाय नाश्ता की दुकान में आग लग गई। घटना रात 2:30 बजे के लगभग की बताई जा रही है। रात में जब दुकानदार की नींद खुली तो देखा कि दुकान में से आग की लपटें निकल रही थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग जाग गए और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर जब तक काबू पाते तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। वहीं इस आगजनी की घटना में लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बालमपुर निवासी नरेश प्रजापति की गांव में एक किराना एवं चाय नाश्ता की दुकान है। जिससे उनका घर का गुजर बसर चलता था। पीड़ित नरेश शुक्रवार रात को 8 बजे के लगभग दुकान को बंद कर सो गए थे। देर रात ढाई बजे के लगभग जब उनकी नींद खुली तो दुकान में आग लगी हुई थी। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया मगर दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। परिवार के सामने घर चलाने की मुश्किल दिखाई दे रही हैं। पीड़ित नरेश ने शासन प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

## नर्मदा परिक्रमा से लौटे तीर्थ यात्रियों का स्वागत

**बेगमगंज।** नर्मदा परिक्रमा, सोमनाथ, द्वारिकाधीश यात्रा करने गए 65 तीर्थ यात्रियों का नगर वापसी पर शहर वासियों तथा परिवारजनों ने भव्य स्वागत किया। विगत 6 दिसंबर को शहर से करीब 65 लोगों का जत्था माँ नर्मदा की परिक्रमा के लिए बस द्वारा रवाना हुआ था। आज 23 दिसम्बर को वापसी होने पर नगर के बस स्टैंड पर यात्रा से लौटे तीर्थ यात्रियों का नगर वासियों एवं उनके परिजनों ने फूलमाला श्रीफल भेंट कर स्वागत किया और बाजे गाजो के साथ घर ले गए। यात्रा में विशेष रूप से पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश ताम्रकार, प्रकाश चंद्र साहू, चेतराम साहू, कैलाश नारायण साहू सहित नगर के लगभग 65 यात्री शामिल थे।

## 9 डिग्री पर आया रात का तापमान

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, अलावा का सहारा ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सर्द हवाओं के चलते शहर में सप्ताह भर से रात का तापमान 10 डिग्री से भी नीचे चल रहा है। बीते तीन दिन से आसमान में बादल छाए हैं, जिससे लोगों को राहत है। लेकिन रात में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं न्यूनतम तापमान 9 डिग्री एवं अधिकतम 23 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसके कारण बादल छाए रहेंगे अभी दो दिनों तक रात का तापमान ज्यादा काम नहीं होगा। पर इसके बाद आसमान साफ होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे और ज्यादा ठंड बढ़ेगी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा छोटे बच्चों और बुजुर्गों को तेज ठंड से बचने की सलाह दी जा रही है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग गर्म कपड़ों में ही घर से बाहर निकलें।

तापमान में गिरावट के साथ ही शहर में वायरल बीमारियों से पीड़ित लोगों की सं या में इजाफा हो रहा है। बुजुर्गो, हृदय रोग और मधुमेह से पीड़ित लोगों को डॉक्टरों द्वारा लू के टीके लेने और विशेष रूप से रात और सुबह के समय ठंड के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी जा रही है। इसी तरह, माता-पिता को अपने बच्चों की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि उन्हें खांसी, सर्दी और अन्य वायरल विकारों का भी खतरा होता है।


31 · veer kushwaha

### अगले 3-4 दिनों तक रहेगी कड़ाके की ठंड

*मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी हवा चलने से रात के समय ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं दिन में भी कई शहरों में कोल्ड डे रहने के आसार हैं। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिन तक बना रह सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंच गया है। इसके प्रभाव से मौसम के मिजाज में और बदलाव आ सकता है।*

## हरे बांस से मंडप छाए, भजन गाकर सखियों ने राम विवाह की खुशियां मनाई

# श्रीराम ने माता सीता संग लिए फेरे श्रद्धालुओं ने भगवान के पखारे पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामलीला महोत्सव के चलते शनिवार को रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों द्वारा राम सीता विवाह की आकर्षक प्रस्तुति की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भी काफी उत्साहित नजर आए। प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार जैसे ही भगवान राम जी की बारात आती है वहां बारात की अगवानी की जाती है। राम बारात में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न सहित गुरु मुनि शामिल होते हैं। इसके पश्चात विवाह की रसम की जाती है।

हरे भरे मंडप के नीचे भावर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जहां श्रीराम सहित सभी भाइयों ने मंडप के नीचे सात फेरे लिए। इसके पश्चात भगवान की पैर पखरई शुरू की गई जहां श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भगवान के पैर पखारकर धर्म का लाभ उठाया। श्रीराम विवाह की खुशी में श्री रामलीला मेला आयोजन समिति की ओर से जहां बारातियों का स्वागत करते हुए भोजन कराया गया। वहीं रामलीला मैदान में मौजूद



श्रद्धालुओं को भी विवाह की खुशी में प्रसादी का वितरण कराया गया।

श्रीराम विवाह की खुशी में सखियों ने मनभावन गीत गाकर कार्यक्रम में शमा बांध दिया। उधर संगीत की धुन पर श्री राम विवाह पर आधार भजनों की मीठी तान सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए।

### रामलीला में आज राजा दशरथ कैकई संवाद की होगी प्रस्तुति

रामलीला में रविवार को दशरथ दरबार प्रसंग की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस मौके पर राजा दशरथ से रानी कैकई द्वारा श्री राम को वनवास और भरत जी को राज यह दो वरदान मांगे जाएंगे। इस मार्मिक प्रसंग की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की जाएगी।

श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के आयोजकों ने शहर के सभी धर्म प्रेमियों से रामलीला देखने एवं अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म का लाभ उठाए जाने की अपील की गई है।

### रामलीला देखने के लिए बढ़ती जा रही श्रद्धालुओं की संख्या

*श्री रामलीला महोत्सव के आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है शहरी क्षेत्र से लेकर आसपास के गांव के श्रद्धालु भी प्रतिदिन रामलीला देखने के लिए पहुंच रहे हैं। अब रामलीला का आयोजन भी धीरे.धीरे विस्तार लेता जा रहा हैए श्री राम चरित्र मानस पर आधारित प्रसंगो की आकर्षक लीला आगामी समय में होने जा रही है जिसे देखते हुए अब श्रद्धालुओं की भीड़ प्रतिदिन रामलीला मैदान में बढ़ती जा रही है।*

## जीवन में हम कभी भी निराश ना हों

# गीता जीवन जीने का संदेश देती है: पं. कमलेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

गीता जयंती के पावन पर्व पर पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता जीवन की प्रतिकूलताओं-विषमताओं और कठिनाइयों में विजय- विभूति, श्री-ऐश्वर्य और विवेक-विद्या प्रदात्रि है। अतः जीवन सिद्धि-सफलता में सहायक है।

श्रीमद्भगवद्गीता का वास्तविक उद्देश्य व्यवहार एवं अध्यात्म का समन्वय है, गीता में सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण का अमर संदेश है। गीता ने सदाचार को ही धर्म कहा है। सदाचार से ही त्याग जागृत होता है और त्याग से ही सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है। भारत के महान सन्त ठाकुर रामकृष्ण परमहंस कहा करते थे कि गीता का अर्थ समझना है तो 'गीता' इन दो शब्दों को उलटकर बोलो अर्थात 'तागी' या 'त्यागी'। जो त्यागी है, वह ज्ञानी हो सकता है। जीवन जिस सच्चाई का नाम है व्यक्ति प्रायः उस सच्चाई से दूर भागने का प्रयास करता है और यही भागदौड़ उसे कमजोर बनाती है। यदि वह सच्चाई का सामना करना सीख जाए तो जीवन में सफलता के नए सौंपान



प्राप्त किए जा सकते हैं। इन सबका एक ही समाधान है कि व्यक्ति जहाँ कहीं अवसर मिले वह श्रीमद्भागवत जैसी अथाह ज्ञान देने वाली कथा का वाचन- श्रवण अवश्य करे।

श्रीमद्भागवत समाधान कारक व मोक्षदायक साक्षात भगवदीय शब्द-विग्रह है, जहाँ जीवन की प्रत्येक पहेली का हल, प्रश्नों के उत्तर एवं शंका-समाधान समाहित हैं। पूज्य प्रभुश्री ने जीवन जीने का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि स्वयं को नियंत्रित करने, नियमों का निर्वहन करने, परम्पराओं का आदर करने तथा जो प्राकृतिक नियमों का पालन करते हैं वह पूजनीय हो जाते हैं। शास्त्र कहता है कि स्वयं से भी स्पर्धा करो, एक प्रतियोगिता स्वयं से रखो।

# सर्दियों के मौसम में बिजली की आंख मिचोली कर रही परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार वजूद में आई है मंत्रिमंडल का गठन होना शेष रह गया है। नई सरकार के गठन के बाद से ही क्षेत्र के लोग बिजली की समस्या से दो चार हो रहे हैं। सर्दी के मौसम में क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती लोगों को परेशानी का सवब बन गई है।

ऐसे में 6 माही परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही है। जहां सुबह के समय पानी गर्म करने में दिक्कत आ रही हैं। वहीं दोपहर से लेकर शाम तक और शाम से लेकर देर रात तक बिजली की आंख मिचोली और भी कई परेशानियां पैदा कर रही है। जब शहरी क्षेत्र में बिजली का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बिजली किस हिसाब से मिल रही होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अघोषित बिजली कटौती से लोगों के कई काम में पिछड़ रहे हैं।

बिजली कंपनी के कार्यालय में जानकारी लेने पर पता चलता है कि कोई बड़ा फाल्ट हो गया है, जिसकी वजह से कभी गैरतगंज से लाइट बंद है तो कभी शहरी क्षेत्र में फाल्ट होने पर उसके सुधार के लिए लाइन बंद की गई है।

कुल मिलाकर क्षेत्र में परिवर्तन की लहर के बाद बिजली के शेड्यूल में भी परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है। पीड़ित किसानों मजदूरों व्यापारियों और आमजन ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

# स्वसहायता समूह ने किया शौचालय का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुल्तानपुर

मनु स्वसहायता समूह द्वारा भारत स्वच्छता मिशन के अंतर्गत आयोजित होने वाले शौचालय की साफ सफाई को लेकर निरीक्षण किया गया। भारत स्वच्छता मिशन के अंतर्गत समूह द्वारा शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय की ग्रेडिंग का कार्य किया जाना है। इसी क्रम में आज स्थानीय बस स्टैंड पर निर्मित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण स्वा सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया।

स्वच्छता निरीक्षक योगेश शर्मा द्वारा समूह की महिलाओं को शौचालय ग्रेडिंग के लिए प्रशिक्षित भी किया गया। इस अवसर पर मनु स्वशासन समूह की महिलाएं उपस्थिति रही।

# सरकार का प्रयास अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभः रामपाल

## *सिलवानी तहसील के बम्होरी, सिंगपुर ग्राम पहुंची विकसित भारत यात्रा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शनिवार को विकसित भारत यात्रा तहसील के बम्होरी कस्बा तथा सिंगपुर ग्राम पहुंची। जहां कि कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां पर विशेष अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह मौजूद रहें तथा ग्रामीणो से संवाद किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शनिवार को जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बम्होरी कस्बा से शुरू हुई यात्रा ग्राम पंचायत सिंहपुर पहुंची जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत शामिल हुए। इन ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। यहां पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने




प्रदेश एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है की अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए उन्होंने जन प्रतिनिधियों से आगे आकर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में भरपूर सहयोग करने का आवाहन किया। पूर्व मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

### खास बातें

- विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित
- पात्र हितग्राहियों को वितरित किए गए सरकारी योजनाओं के हितलाभ
- पूर्व मंत्री रामपाल सिंह हुए शामिल, ग्रामीणों को किया संबोधित, प्रदेश सरकार की प्राथमिकताएं गिनाई गई।

## शिविर में 300 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के फार्म किए जमा

## सलामतपुर और रातातलाई शिविर में 9 विभागों के लगाए गए थे स्टॉल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर हुआ आयोजित, 2 स्व-सहायता समूह को दिए 3-3 लाख के स्वकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले में 17 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा शनिवार को सांची जनपद के सुनारी सलामतपुर व रातातलाई ग्राम पंचायत पहुंची। शिविरों का आयोजन किया गया। पंचायतों में आयोजित शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान सांची नायब तहसीलदार नियति साहू, सांची जनपद सीईओ बंधू सूर्यवंशी, सुनारी सरपंच लक्ष्मीबाई, सरपंच प्रीतिनिधी शेर सिंह राजपूत, रातातलाई सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, विमल जैन, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गंगाराम चौकसे, बल्लभ अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा श्रवण मालवीय, पूर्व सरपंच मूलचंद यादव, जनपद प्रीतिनिधी दिलीप मालवीय, रितेश अग्रवाल, संजीव यादव, रणधीर दांगी, राजेश लोधी, सचिव नज़र मोहम्मद और रोजगार सहायक ओमप्रकाश मौजूद रहे। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया।

शिविरों में दो स्वसहायता समूहों सीता स्वसहायता समूह सुनारी और आरती स्वसहायता समूह सुनारी को तीन तीन लाख रुपए राशि के स्वकृति पत्र दिए गए। वहीं ताइक्वांडो की राष्ट्रीय खिलाड़ी सोनम ठाकुर सांची को और मेघावी छात्र छात्राओं सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र दिए गए। मंच पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। मंच संचालन रत्नेश अग्रवाल ने किया। समापन के बाद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।



### शिविर में 9 विभागों के लगाए गए थे स्टॉल

*सलामतपुर व रातातलाई में 9 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिनमें महिला बाल विकास, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, एसबीआई बैंक, ग्रामीण बैंक, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इनमें लगभग 300 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के फार्म जमा किए। योजनाओं में आयुष्मान योजना, बीपीएल कार्ड, पीएम आवास, शौचालय योजना, वृद्धावस्था पेंशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, बैंक बीमा योजना शामिल हैं। संबंधित हितग्राहियों के आवेदन विभागों में जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच के उपरांत हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा।*

### स्वास्थ्य शिविरों का भी किया जा रहा आयोजन

*विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं।*

## अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की हुई समीक्षा

# सीएम राईज स्कूल में हुई पालक शिक्षक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शासकीय सीएम राईज स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित कर उत्तर पुस्तिकाओं को छात्रों को दिखाते हुए विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक साथ बैठकर समीक्षा की गई।

पहली बार ऐसा देखने मिला कि अभिभावक ज्यादा संख्या में विद्यालय पहुंचे कक्षाओं में अच्छी उपस्थिति दर्ज कराने वाले एवं परीक्षा में सफल छात्रों को प्रोत्साहित किया गया एवं असफल छात्रों के परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा करते हुए सुधार के लिए उपायों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए ठोस रणनीति तैयार की गई, जिससे कि आगामी वार्षिक परीक्षा में छात्रों की


**बेगमगंज।** अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम समीक्षा बैठक हुई आयोजित।

कमजोरी को दूर कर बेहतर परीक्षा परिणाम लाया जा सके।

छात्रछात्राओं के अभिभावकों को विद्यालय में अभी तक की विशेष उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पालक एवं शिक्षकों की बैठक में प्राचार्य बीके सिंह चौहान ने कक्षाओं में जाकर छात्रों अभिभावकों से चर्चा की। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।